
भोपाल | बुधवार । 22 अक्टूबर 2025 । वर्ष 69 । अंक 257 । पृष्ठ 20 । मूल्य रु. 6.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से | भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण




## एक नजर में



### यमुनोत्री व केदारनाथ धाम के बन्द होंगे कपाट

**देहरादून.** उत्तराखंड राज्य में अवस्थित चार धामों में से तीन के कपाट शीतकाल के लिए बन्द किए जाने की वैदिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें श्री मां गंगा मंदिर (गंगोत्री धाम) के कपाट आगामी 22 अक्टूबर यानि बुधवार अन्नकूट के दिन प्रातः 11.36 बजे शीतकालीन के लिए बंद किए जाएंगे। वहीं उसके अगले दिन गुरुवार को भैया दूज पर 23 अक्टूबर को यमुनोत्री में मां यमुना मंदिर के कपाट 12.30 बजे शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे। इसी दिन भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम के कपाट भी बन्द हो जाएंगे।

### असम में 18 घुसपैठियों को सीमा पार भेजा

**गुवाहाटी.** असम सरकार ने सोमवार को अवैध घुसपैठ के खिलाफ निर्णायक कदम उठाते हुए 18 विदेशी नागरिकों को सीमा पार वापस भेज दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसे 'बुराई पर अच्छाई की जीत' बताते हुए दीवाली से जोड़कर सख्त संदेश दिया। यह कार्रवाई सीमाई जिलों में लगातार बढ़ रही घुसपैठ की कोशिशों पर सरकार की तत्परता को दर्शाती है। असम सरकार ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार सुबह 18 विदेशी नागरिकों को पुशबैक किया।

### भारत ने काबुल में दूतावास किया बहाल

**नयी दिल्ली.** भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को राजनीतिक मान्यता देते हुए काबुल स्थित अपने तकनीकी मिशन को तत्काल प्रभाव से दूतावास का दर्जा देने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार रात को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पिछले सप्ताह की भारत यात्रा के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप सरकार तत्काल प्रभाव से काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन का दूतावास का दर्जा बहाल कर रही है। यह निर्णय पारस्परिक हित के सभी क्षेत्रों में अफगानिस्तान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के भारत के संकल्प को रेखांकित करता है।

### वेंस ने शांति स्थिर करने इजरायल का किया दौरा

**इजरायल।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस गाजा युद्धविराम को मजबूत करने के लिए मंगलवार को इज़राइल पहुंचे। द टाइम्स ऑफ इज़राइल के अनुसार, यह दौरा ट्रम्प प्रशासन की इस चिंता के बीच हुआ कि इज़राइली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संघर्षविराम से पीछे हट सकते हैं, जिससे क्षेत्र में पूर्ण संघर्ष का खतरा बढ़ सकता है। इज़राइल पहुंचने पर, वेंस ने किरयाट गत स्थित अमेरिकी नेतृत्व वाले बल के मुख्यालय का दौरा किया। बुधवार को उनकी नेतन्याहू से मुलाकात होगी, जहां वे राष्ट्रपति ट्रम्प का यह संदेश देंगे कि अमेरिका इस समझौते को विफल नहीं होने देना चाहता, जिसके 59 गारंटर हैं।

# गोबर और गौ-मूत्र कारगर उपचार

## बोले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव-गौमाता सनातन संस्कृति की आत्मा



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 21 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गौमाता सनातन संस्कृति की आत्मा है. गौमाता के दुग्ध से हमारे शरीर को अमृत मिलता है. भगवान श्रीकृष्ण ने गोपालों की सेना बनाकर पशुधन की रक्षा के लिए बृजवासियों को प्रेरित किया.**

भगवान श्रीकृष्ण ने लोक संस्कृति एवं सामान्य जनजीवन को बनाए रखने के लिए बाल्यावस्था में अद्भुत लीलाओं से समाज को चमत्कृत कर प्रेरित किया. भगवान श्रीकृष्ण के गोपाल स्वरूप में यह संदेश निहित है कि जो गाय पाले वो गोपाल है. गाय के दूध, गोबर और गौ-मूत्र की महिमा अब वैज्ञानिक रूप से सिद्ध होने लगी है. कैंसर जैसी भयंकर बीमारी में भी गौ-उत्पाद प्रभावी हैं, यह भी सिद्ध हुआ है कि गोबर से लिपे घरों पर विकिरण का प्रभाव कम होता है. खेती में गोबर की खाद की महत्ता से सभी लोग परिचित ही हैं. इसी का परिणाम है कि विश्व, प्राकृतिक खेती और जैविक खेती की महत्ता को पुनः स्वीकार कर रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित गोवर्धन पूजा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही. इस दौरान मुख्यमंत्री ने दीपोत्सव, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव की हार्दिक मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में गोवर्धन पूजा हर्षोल्लास से की जा रही है.

### गोवर्धन पर्वत की मंत्रोच्यार के साथ की पूजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवर्धन पूजा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रवीन्द्र भवन में वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच गोवर्धन पूजा कर प्रकृति के प्रति मनुष्य के समर्पण को अभिव्यक्त किया. गोवर्धन पर्वत की उपस्थित अतिथियों द्वारा पूजा के बाद आरती भी की गई. इसके पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पर साफा पहनाकर स्वागत किया गया. परंपरागत वाद्य यंत्रों पर झूमते युवाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अगवानी की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौवंश को दुलारा और पशु आहार खिलाया. अन्नकूट की परम्परा के अंतर्गत नया अन्न चढ़ाकर प्रसाद का थाल मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेंट किया गया.

# साने ताकाइची बनीं जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री



**टोक्यो, 21 अक्टूबर. जापान ने मंगलवार को एक नया इतिहास रच दिया। साने ताकाइची देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं, जिन्हें संसद के निचले सदन में भारी बहुमत से चुना गया। उनका यह चयन न केवल जापानी राजनीति में बदलाव का संकेत है, बल्कि पूरे एशिया में महिला नेतृत्व की दिशा में एक मजबूत कदम भी माना जा रहा है।**

जापान की राजनीति में मंगलवार को एक ऐतिहासिक मोड़ आया, जब लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की अध्यक्ष साने ताकाइची (64) को संसद ने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में चुना। निचले सदन में हुए पहले दौर के मतदान में उन्होंने 237 वोट हासिल किए, जिससे उन्हें सीधे जीत मिल गई और दूसरे दौर की जरूरत ही नहीं पड़ी। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी योशीहिको नोदा (डेमोक्रेटिक पार्टी) को केवल 149 वोट प्राप्त हुए।

### साने को प्रधानमंत्री चुने जाने पर मोदी ने दी बधाई

**नयी दिल्ली 21 अक्टूबर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साने ताकाइची को जापान की प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए भारत और जापान के बीच विशेष रूप से रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। श्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, साने ताकाइची, जापान की प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुनाव पर हार्दिक बधाई।

# पूर्व डीजीपी ने की बेटे की हत्या

### पंचकूला में पूर्व मंत्री के बेटे की मौत पर सनसनी

### परिजनों पर हत्या का मामला दर्ज





**पंचकूला, 21 अक्टूबर. पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफ़ा और पूर्व मंत्री रज़िया सुल्ताना के बेटे अकील अख़्तर की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। पंचकूला पुलिस ने अकील की मौत को हत्या मानते हुए बीएनएस की धारा 103( 1 ) के तहत उनके परिवार के चार सदस्यों पिता, मां, पत्नी और बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

16 अक्टूबर को अकील का शव पंचकूला स्थित उनके आवास पर मिला था। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में कुछ संदिग्ध परिस्थितियाँ पाई गईं। पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने एक वीडियो बयान में इसकी पुष्टि की है। पुलिस अब मामले की गहराई से जांच कर रही है और इसे एक 'सेंसिटिव केस' मान रही है।

इस कार्रवाई ने राजनीतिक हलकों में भी हलचल मचा दी है, क्योंकि आरोपी नामज़द लोग प्रभावशाली पदों पर रह चुके हैं।

# व्यापार के इतिहास में त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड बिक्री

### इस साल की फेस्टिवल सेल पिछले साल से 25% अधिक

### खुदरा का योगदान 87%, जीएसटी कटौती ने बढ़ाई बिक्री



**नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (वार्ता) इस दिवाली पर सामानों की बिक्री और सेवाओं को मिलाकर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार का अनुमान है। व्यापारियों के अग्रणी राष्ट्रीय संगठन कैट की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दिवाली पर 5.40 लाख करोड़ रुपये के सामान और 65 हजार करोड़ की सेवा क्षेत्र की बिक्री हुई।**

कैट ने देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों - जिनमें सभी राज्यों की राजधानियां एवं टियर-2 और टियर-3 शहर शामिल हैं - पर आधारित रिपोर्ट में कहा है कि इस वर्ष दिवाली पर देशभर में कुल बिक्री 6.05 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। इसमें 5.40 लाख करोड़ रुपये का वस्तु व्यापार और 65 हजार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। यह अब तक के देश के व्यापार इतिहास का सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार है।

दिल्ली की चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी दिवाली के आह्वानों का असर देखा गया और 87 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने भारतीय वस्तुओं को विदेशी वस्तुओं के मुकाबले प्राथमिकता दी, जिससे चीनी उत्पादों की मांग में तेज गिरावट दर्ज की गयी। व्यापारियों ने बताया कि स्वदेश निर्मित वस्तुओं की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले साल दिवाली पर 4.25 लाख करोड़ रुपये का सामान बिका था।

# बलूचिस्तान में हमला : पांच जवान शहीद

- बलूचिस्तान में अपनों पर क्यों बरस रही गोलियां?
- संसाधन और अलगाव की जंग का विस्फोटक चेहरा

**इस्लामाबाद, 21 अक्टूबर. पाकिस्तान के सबसे बड़े, लेकिन सबसे उपेक्षित सूबे बलूचिस्तान में एक बार फिर अलगाव की आग भड़क उठी है। बलूचिस्तान लिबरेशन ने एक सुनियोजित हमले में पाकिस्तान के अर्धसैनिक बल के 5 जवानों को मार डाला और 2 को गंभीर रूप से घायल कर दिया।**

यह हमला केवल एक आतंकी वारदात नहीं, बल्कि एक लंबे समय से चल रहे असंतोष और संघर्ष का संकेत है जो बलूच लोगों के भीतर सुलग रहा है। संसाधनों से भरपूर यह इलाका खुद को शोषण और उपेक्षा का शिकार मानता है। जैसे समूह पाकिस्तान पर आरोप लगाते हैं कि वह बलूचिस्तान की खनिज संपदा और समुद्री मार्गों का दोहन करता है, लेकिन स्थानीय आबादी को न अधिकार मिलते हैं, न लाभ। इस ताजा हमले ने न सिर्फ पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा को सवालों के घेरे में डाला है, बल्कि बलूच अलगाववाद की गहराती जड़ों को भी उजागर किया है।

पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट द्वारा किए गए घातक हमले में अर्धसैनिक बलों के 5 जवान मारे गए और 2 गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हमला मंड इलाके के माहिर और रुदिग के बीच दोपहर 1-05 बजे हुआ। घात लगाकर की गई इस कार्रवाई में जवानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

### पाक सेना ने दो लोगों को अगवा कर की हत्या

**शाल (क्वेटा) ,21 अक्टूबर.** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पंजगुर जिले में दो स्थानों पर दो शव मिलने से स्थानीय लोगों में भय और गुस्से का माहौल है और लोगों ने पाकिस्तानी सेना पर इन लोगों की हत्या करने का आरोप लगाया है . स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रविवार तड़के लगभग 3-00 बजे, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने राज्य समर्थित डेथ सक्वाड के साथ मिलकर पंजगुर जिले में प्रोम के जैन इलाके में छापा मारा और जहूर नामक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। इसके कुछ घंटों बाद उसका शव प्रोम के दाज़ गोमाज़ी इलाके में मिला। वहीं, एक अन्य घटना में फकीर जान नामक युवक का 18 अक्टूबर की रात को ग्वाश इलाके से वाहन सवार हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर लिया।

### तीन देशों के प्रधानमंत्रियों ने साझा किया आशा और प्रकाश का संदेश

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर.** इस वर्ष दीपावली का पर्व न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बड़े उत्साह से मनाया गया। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और सिंगापुर के प्रधानमंत्रियों ने इस मौके पर विशेष शुभकामनाएं दीं और आशा, प्रकाश व सकारात्मकता का संदेश साझा किया। विदेशी नेताओं ने भारतीय समुदाय के योगदान को सराहा और इस पर्व को मानवता की साझा विरासत बताया। दीपावली के शुभ अवसर पर दुनिया भर में उत्साह का माहौल रहा। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और सिंगापुर के प्रधानमंत्रियों ने इस पावन पर्व पर भारतीय समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# बिहार चुनाव : कांग्रेस ने पांच विधायकों को किया बाहर



**पटना, 21 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने पांच विधायकों को बेटिकट कर दिया है, वहीं 12 फिर से चुनावी समर में अपने प्रतिद्धंदियों से लोहा लेते नजर आयेंगे।**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने इस बार बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने पांच मौजूदा विधायकों का टिकट काटते हुए कुछ पुराने चेहरों को दोबारा मौका दिया है, वहीं कुछ सीटें सहयोगी दलों के खाते में चली गई हैं। बिहार की चुनावी फिजाओं में इस बार कांग्रेस ने नया दांव खेला है। वर्ष 2020 के मुकाबले पार्टी ने इस बार अपने 5 मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिया है। किशनगंज, कसबा, खगड़िया, महाराजगंज और जमालपुर में पार्टी ने नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

किशनगंज से विधायक इजहारूल हुसैन की जगह पूर्व विधायक मोहम्मद कमरूल होदा को टिकट दिया गया है, जबकि कसबा के चार बार के विधायक रहे आफाक आलम की जगह अब मोहम्मद इरफान आलम पार्टी के उम्मीदवार होंगे। खगड़िया से छत्रपति यादव की जगह डॉ. चंदन यादव को मौका मिला है। महाराजगंज में छह बार के विधायक विजयशंकर दुबे को इस बार टिकट नहीं मिला, क्योंकि यह सीट गठबंधन समझौते के तहत राजद के खाते में चली गई है। राजद ने विशाल जायसवाल को यहां से मैदान में उतारा है। जमालपुर से अजय कुमार सिंह की जगह इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के नरेंद्र तांती को टिकट मिला है। वहीं, विक्रम से विधायक सिद्धार्थ सौरभ और चेनारी से मुरारी प्रसाद गौतम ने कांग्रेस छोड़ दी है। सौरभ अब भाजपा से जबकि गौतम लोजपा (रामविलास) से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अन्य 12 सीटों पर वर्तमान विधायकों पर भरोसा जताया है।

### 42 के नामांकन पत्र अस्वीकृत

**मोतिहारी, 21 अक्टूबर.** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के तहत 42 प्रत्यशियों के नामांकन पत्र अस्वीकृत कर दिए गए हैं। अस्वीकृत किये गए नामांकन में इंडिया महागठबंधन के 1 और बसपा के 3 प्रत्याशियों के नाम शामिल हैं। दो ऐसे भी विधानसभा क्षेत्र हैं जहां स्वीकृत से अधिक नामांकन अस्वीकृत किए गए हैं। पूर्वी चंपारण जिले के कुल 12 विधानसभा क्षेत्रों के लिए दूसरे चरण में चुनाव होना है। इसके लिए सोमवार तक नामांकन दाखिल किया जाना था और मंगलवार (21 अक्टूबर) को नामांकन पत्रों की जाँच की जानी थी।

**जनभागीदारी और संस्कृति पर जोर** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की भी चर्चा की

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत का आह्वान : मोदी

**नई दिल्ली, 21 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देश के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए एक भावनात्मक पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने भारत की आंतरिक सुरक्षा, आर्थिक सुधारों और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि मर्यादा और न्याय का प्रतीक था।**

प्रधानमंत्री ने लिखा, भगवान श्रीराम हमें मर्यादा का पालन करना सिखाते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां भारत ने धर्म का पालन करते हुए अन्याय का बदला लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति की वापसी को दीपावली का असली उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष देश के अनेक दूरदराज़ जिलों में दीप जले हैं, जो



कभी नक्सलवाद और माओवादी हिंसा के गढ़ माने जाते थे। हमने देखा है कि हाल के दिनों में बड़ी संख्या में लोग हिंसा का रास्ता छोड़कर संविधान में आस्था जताते हुए विकास की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। यह राष्ट्र के लिए गर्व की बात है। मोदी ने कहा। उन्होंने जीएसटी दरों में कमी और 'जीएसटी बचत उत्सव' की भी चर्चा की, जिसके तहत नागरिक हजारों करोड़ रुपये की बचत कर पा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने नागरिकों से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, सभी भाषाओं और संस्कृतियों का सम्मान करने, योग को अपनाने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी का यह दीपावली संदेश सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव और आर्थिक सुधारों के ताने-बाने से बुना गया है, जिसमें उन्होंने भारत को स्थिरता और विकास का प्रतीक बताया। ऑपरेशन सिंदूर और नक्सलवाद के खात्मे को उदाहरण बनाते हुए उन्होंने बताया कि भारत अब अन्याय को न केवल पहचानता है, बल्कि उसका जवाब भी मर्यादा के साथ देता है.